हिन्दुस्तान (Hindustan)

दिनाँक (Dated): 13.04.2023	पृष्ठ सं० (Page No). 04	क्रम सं०(Serial No.) 01

सीआईएसएफ के महानिदेशक शीलवर्धन सिंह ने बुधवार को मुख्यालय में आयोजित समारोह में शूरवीरों के परिजनों को सम्मानित किया। • हिन्दुस्तान

कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली। राष्ट्र सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के शहीदों को याद किया गया। बुधवार को सीआईएसएफ द्वारा राष्ट्रीय पुलिस स्मारक चाणक्यपुरी में स्मरण कार्यक्रम पर शहीद शूरवीरों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले सीआईएसएफ के 127 बलिदानियों का स्मरण किया गया। कार्यक्रम में शूरवीरों के परिवार के सदस्यों, सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक की केंद्रीय शिल्पाकृति पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीरों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद परिवार के सदस्यों ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में स्थित पुलिस संग्रहालय का दौरा किया। राष्ट्रीय सुरक्षा पर सीआईएसएफ की विविध भूमिका पर तैयार की गई लघु फिल्में दिखाई गईं।